के एक डिब्बे के पटरी से उतर जाने के परिणामस्वरूप कई घंटों तक रेलों का आवागमन रुका रहा ;

(ख) यदि हां, तो क्या उन परिस्थितियों व कारणों पर प्रकाश डालने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखा जायेगा जिस में यह दुर्घटना हुई ; और

(ग) उस दुर्घटना के लिये जिम्मेदार रेल कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) जी हां । २८-६-६२ को १७.१५ बजे से ले कर २०.२५ बजे तक गाड़ियों का आना-जाना रुका रहा ।

(ख) माल-डिब्बे के पटरी से उतरने का कारण यह था कि ड्राइवर ने गाड़ी का एक हिस्सा स्प्रिंग लगे कांटों पर रोक दिया, जिन्हें आम तौर पर स्लिप साईडिंग के लिये लगाया जाता है । इस के बाद गाड़ी को फिर चलाने के लिये ड्राइवर ने उसे पीछे हटाया । इस का नतीजा यह हुआ कि माल डिब्बा २ लाइनों पर चला गया, क्योंकि ये कांटे अपने आप स्लिप साईडिंग के लिये लग गये थे ।

(ग) ड्राइवर पर अनुशासन की कारवाई की जा रही है ।

Package Programme for Fish Industry

132. Shri M. K. Kumaran: Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) whether Government propose to start a package programme in the fish industry in Kerala; and

(b) if so, the details thereof?

The Parliamentary Secretary to the Minister of Food and Agriculture (Shri Shinde): (a) No such proposal is under consideration at present.

(b) Does not arise.

अलीपुर विकास खण्ड

१३३. श्री बागड़ी : क्या **सामुदायिक विकास, पंचायती राज तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रशासन के अलीपुर विकास खण्ड में वर्ष १९५२ से १९६१ तक कितना रुपया विकास कार्यों पर व्यय किया गया ;

(ख) क्या यह सच है कि इस विकास खंड पर दिल्ली प्रशासन के अन्य विकास खंडों की अपेक्षा कम रकम व्यय हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ?

सामुदायिक विकास, पंचायती राज और सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ब० सु० मूर्ति) : (क) लगभग १७,६४,००० रुपया ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली में यमुना बांध

१३४. श्री बागड़ी : क्या **सिचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यमुना नदी के दायें किनारे पर बसे बुराड़ी, मलसवा, मुकन्दपुर आदि ३० से अधिक ग्रामों की यमुना नदी की बाढ़ से रक्षा हेतु दिल्ली प्रशासन ने कोई कदम उठाया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या वहां की जनता या किसी संस्था ने इस मांग को उठाया है कि यमुना